Women !! Mentally and biologically the strongest gender prevailing on the planet but on the grounds of physical power, they are overpowered by males. There is no aspect in proving women's weak side when compared to men but to numerous reasons like HISTORY! SOCIETY! SOCIAL STATUS! people find "n" number of reasons of reasons to put them down and overpower them.

We must not forget that many of the world's greatest personalities have been woman, whether it be Smt. Indira Gandhi and Dr. Kiran Bedi as social and political leaders, Rani Laxmi bai and rani Padmavati as freedom fighters, Kalpna Chawla and Sunita Williams as astronauts, Lata Mangeshkar as the nightingale of India. They have played a vital role in every field. Males, take away any point of time and see that the word would have been better place to live in if we provide more authority and power to women.

Women have always been the bearers of male dominance and violence but we need to bring permanent hange in it. They can excel in all fields if they are provided with ample number of opportunities. Suppressing them is the biggest mistake of the this society because it is a male dominated society .

women are the teabags whose potentials cannot be brought out until dipped in an ocean full of hot water of Opportunities.

Both species carry their burden and play their role in their own way. Their is no logic of comparing them. Nature has burdened them with different roles and responsibilities.

Diya Sharma
MA-II (English)

"The poet's job is to put into words those feelings we all have that are so deep, so important, and yet so difficult to name, to tell the truth in such a beautiful way, that people cannot live without it."

—Jane Jenyon

A FAIRY's CRY

Don't kill her save from the worldly protocol,
For she is a fairy, a Barbie doll.

No golden weights can turn the scale of justice in His sight
And what is wrong in women's life, in men's cannot be right.

A girl is a sister, daughter, friends and mother,
The world lies only in her fall on the ground.

Her magnificent feet will turn you around,
Hold her, don's let her fall on the ground.

One day she decided she was fierce, brave and stronger,
Unless the world graved her beautiful laughter.

She will not cry even when she is hungry,
She will never give you a chance to be angry.

Let me live! Let me shine! Let me smile!
For you and I together have to travel miles and miles!

She pleads to every human on this earth-
When the morning sun is rising and the breeze has left the sea.
When you are thinking all about yourselves,
Will you sometimes Think of me??

Divya Rathee
MA-II (English)

What is life all about?

Life is not about finding yourself. It's about creating yourself !!

From killing the entire day doing nothing, then studying like ghosts all night.
From endless gossip about everything in life, to silly worthless fights;
From sharing late night maggi, to unplanned nightouts;
From an unknown creepy monster, to a lifelong partner;
From bunking the classes, to late night movies;
Life is really simple but we tend to make it complicated.;

"SOULMATE" ...? They asked...
"ROOMMATE"...I replied.........
A place where we learnt a lot of things and how to canduct ourselves.

Life is a journey, not a destination.
Mellow doesn't always make for a good story, but it makes for a good life.
In the end, its not the years in your life that count, it's the life in your years.
Cherish every moment and enjoy your life....

Anjali
MA-II (English)

...writer is born with a repertory company in his head. Shakespeare has ...aps 20 players. ... I have 10 or so, and that's a lot. As you get older, you ...me more skillful at casting them."

—Gore Vidal

हिन्दी–अनुभाग – रमणीक 2017–18

सम्पादिका - डॉ० सुनीता श्योराण
एसोसियट प्रोफेसर, हिन्दी-विभाग

छात्र सम्पादिका - काजल तिवारी
बी.ए.-III (हिंदी ऑनर्स)

सम्पादकीय	डॉ० सुनीता श्योराण, एसोसियट प्रोफेसर, हिन्दी-वि...
1. क्यों पढ़ें हम हिन्दी ?	काजल तिवारी, बी.ए.-III (हिंदी ऑनर्स)
2. तू कौन है ?	एकता, बी.ए.-I
3. बचपन बचाओ आन्दोलन	मुक्ति गुप्त, बी.ए.-I
4. वक्त नहीं	रिया गुप्त, बी.ए. I
5. दहलीज गाँव के घर की	हिमानी परमार, बी.एससी.-II (मेडिकल)
6. सच्चाई	शिवानी, बी.ए.-II (हिंदी ऑनर्स)
7. जिन्दगी आसान है	चाँदनी
8. सीता की अग्नि-परीक्षा	नूतन कुमारी
9. अंधों को दर्पण क्या देना	शिवानी, बी.ए.-III
10. तीन रंग	गीता, बी.ए.-III (हिंदी ऑनर्स)
11. बच्चे के निर्माण की अभिव्यक्ति है पिता	अंकिता सैनी, बी.ए.-II (हिंदी ऑनर्स)
12. नारी की आवाज	लक्ष्मी, बी.ए.-I
13. बेटी की आवाज	ईशा नागल, बी.ए.-I
14. कीमती	लक्ष्मी, बी.ए.-I
15. भारतीय नारी	अंकिता, बी.एससी.-III
16. भारतीय किसान	विनती यादव, बी.एससी (Comp. Sc.)-III
17. नारी की आत्मा	खुशबू, बी.ए.-I (हिन्दी ऑनर्स)
18. मेरे हिस्से में माँ आई	मानसी मिश्र, बी.ए.-I
19. उड़ सकती हूँ मैं	मानसी मिश्र, बी.ए.-I

	डॉ० पुष्पा अंतिल, एसोसियट प्रोफेसर, हिन्दी-विभाग
आज का मानव	डॉ० पुष्पा अंतिल, एसोसियट प्रोफेसर, हिन्दी-विभाग
लिखूँ किस पर	डॉ० अशोक कुमार, सहायक प्रोफेसर, हिन्दी-विभाग
हाइकु	मंजु रानी, एम.कॉम-I
जीवन एक संघर्ष	शालू यादव, बी.कॉम-III
महँगाई	शिवानी, बी.ए.-I
बेटियाँ	हेमलता, बी.कॉम-III
आदर्श विद्यार्थी	पायल तंवर, बी.कॉम-II
बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ	गार्गी, बी.कॉम-I
ग्लोबल वार्मिंग	कोमल उपाध्याय, बी.कॉम-III
आरक्षण	डॉ0 अमितेश बोकन, सहायक प्रोफेसर, हिन्दी-विभाग
समर्पण	

सम्पादकीय

सभी गुणों की डोरी धैर्य से बंधी हुई है। संकल्प को चरितार्थ करने हेतु धैर्य की आवश्यकता होती है। धैर्य न होने के कारण हम सांसारिक सुखों की ओर मुड जाते हैं। यदि ज्ञानपूर्वक धैर्य के संकल्प में कठिनाईयां आती हैं तो उस समय शांत व मौन रहना हितकर होगा। दु:ख के पहाड़ बलवान सहन नहीं कर सकते, कमजोर धैर्य की शक्ति के कारण सहन कर जाते हैं। मौन, धैर्य, आत्मबल एवं आत्मविश्वास ही सफलता का मूलमंत्र है।

मौन जीवन में शक्ति संचय का श्रेष्ठ अनुष्ठान है। अनेक समस्याओं का समाधान है, शक्ति का दूसरा नाम है। मौन से सहनशीलता जाग्रत होती है जिससे क्रोध शांत होता है विचारों के मंथन में मौन प्रभावकारी है। इससे संकल्पशक्ति और मनोबल की वृद्धि होती है। मौन से एकाग्रता का उदय होने पर ध्येय तक पहुँचने के लिए सरलता रहती है। मौन अभिव्यक्ति किसी बड़े व्याख्यान से कम नहीं है। इससे भाषा के शुभ संस्कार उत्पन्न होते है, अहंकार समाप्त होता है। दिव्य भाषा के रूप में मौन सृष्टि के आरम्भ से ही प्रभावी रहा है।

प्रत्येक विद्यार्थी को यह अनुभव करना चाहिए कि वह एक ऐसी अवधि से गुजर रहा है जो उसके भविष्य निर्माण करने में एक निर्णायक भूमिका अदा करती है। विद्यार्थी जीवन में परिवर्तनशील परिस्थितियाँ आती है, लेकिन उन्हें हिम्मत नहीं हारनी चाहिए, विवेक नहीं खोना चाहिए। धैर्य एवं आत्मविश्वास रखें। संयमित रूप से परिश्रम करते हुए लक्ष्य प्राप्ति के लिए सतत् प्रयास करते रहें। माता-पिता एवं गुरुओं की बातों को ध्यानपूर्वक सुनें एवं अपनाएँ। हर परिस्थिति में शांत एवं स्थिर रहें। उत्तम लोगों की कार्यशैली, कुशलता एवं व्यवहार से सीख लें।

धैर्य के अभाव में ज्ञान का अभाव रहता है। ज्ञान के अभाव से आवेश जन्म लेता है। आवेश के कारण हम दिशाहीन हो जाते हैं इसलिए हमें धैर्य रखना चाहिए।धैर्य एवं सक्रियता सही दिशा की ओर बढ़ाते हैं। इसलिए जीवन के इन विभिन्न अंगों को अपनाते हुए आगे बढ़कर सार्थकता प्राप्त की जा सकती है।

व्यक्तित्व का निर्माण एवं विकास स्वस्थ इच्छाशक्ति पर निर्भर करता है। शिक्षा से व्यक्तित्व परिष्कृत होता है। जितनी शिक्षा हम पाते हैं यदि उस का थोड़ा-सा अंश भी अपने आचरण में अमल करें तो निश्चित रूप से यह चरित्र-निर्माण की दिशा में सार्थक कदम होगा।

शुभकामनाओं सहित

डॉ० सुनीता श्योराण

क्यों पढ़ें हम हिंदी?

भाषा के नाम पर आज प्रश्न उठ रहा है कि हम हिंदी क्यों पढ़े? आजकल जब चारों ओर ग्रेजी पढ़ने-पढ़ाने पर बल दिया जा रहा है तब हम हिंदी क्यों पढ़ें? हिंदी पढ़ने का लाभ क्या है? या हिंदी पढ़े बिना हमारा काम नहीं चल सकता? तमाम तरह के सवालों से घिरे होने के बाद भी हिंदी भाषा अपनी जिजिविषा, संजीवता और अभिव्यक्ति-सामर्थ्य के कारण सारे देश की राष्ट्रभाषा बनी हुई है। हिंदी राष्ट्रभाषा के साथ-साथ राजभाषा भी हैं। स्वतंत्रता मिलने पर संविधान सभा ने एकमत से यह स्वीकार किया- "संघ की राष्ट्रभाषा हिंदी और उसकी लिपि देवनागरी होगी।" हिंदी को राजभाषा भी बनाया गया, पर 15 वर्षों तक अंग्रेजी के प्रयोग की छूट भी दी गई। जब हिंदी राष्ट्रभाषा बन गई तब प्रत्येक भारतीय नागरिक का कर्तव्य हो जाता है कि वह हिंदी सीखे-पढ़े। हिंदी पढ़ने के पक्ष में निम्नलिखित तर्क भी दिए जा सकते हैं-

हिंदी भारत के सर्वाधिक लोगों के व्यवहार की भाषा है।

यह एक वैज्ञानिक भाषा है।

इसे को अल्प प्रयास से सीखा और समझाा जा सकता है।

हिंदी में जो लिखा जाता है, वही पढ़ा तथा समझा जाता है।

हिंदी हमारे गौरव व संस्कृति को अभिव्यक्त करने वाली भाषा है।

प्राय: हिंदी पर यह आरोप लगाया जाता है कि हिंदी क्लिष्ट भाषा है। वैसे इस आरोप में अधिक दम नहीं है, फिर भी हिंदी को सरल बनाने की आवश्यकता है। इसे जीवंत भाषा बनाना होगा। इसे संपर्क भाषा बनाने के लिए लचीला, सहज और सरल बनाने की भी आवश्यकता है। बदलती परिस्थितियों के अनुरूप इसमें अन्य भाषाओं की शब्दावली को भी स्वीकार करने की आवश्यकता है।

प्रत्येक देश की पहचान उसकी भाषा से ही होती है। भारत की पहचान भी हिंदी से ही है क्योंकि यही भाषा अधिकांश लोगों द्वारा प्रयोग में लाई जाती है। हिंदी के प्रयोग से हमारे अंदर आत्मसम्मान की भावना जागृत होती है। हिंदी को किसी धर्म विशेष के साथ जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। हिंदी हिन्दुस्तान की भाषा है। यदि हिंदी अपने ही देश में नहीं पढ़ी जाएगी तो यह विश्व में सम्मान कैसे पा सकेगी? सभी शंकाओं को दूर करके हमें हिंदी पढ़नी ही चाहिए।

काजल तिवारी
कक्षा- बी.ए. तृतीय वर्ष (हिंदी ऑनर्स)

तू कौन है?

भारत एक सपने देखने वालों का देश है। कोई सपना देखता है अभिनेता होने का तो कोई प्रोफेसर बनने का। ऐसे लोगों के लिए 'तरक्की' नाम का एक शिखर है जिसका प्रत्येक पाया नुकीला है अर्थात् इस शिखर की चोटी तक पहुँचने के लिए राहगीर को अनेक चुनौतियों का सामना करना होता है। वे चुनौतियाँ जिसमें राही को संसार की मोहमाया से दूर रहना होता है, भौतिक कष्ट, पर्याप्त भोजन की अप्राप्ति, सामाजिक यातनाएँ, प्रकृति के बदलते रूप आदि का सामना करना होता है। लेकिन अधिकतर राहगीरों को मैने डर कर भागते देखा है, वो इसीलिए क्योंकि, प्रथम परीक्षा यानि मोहमाया की परीक्षा में असफल हो जाते हैं इसलिए मजबूरी में चोरी या कत्ल करते हैं।

बहुत लंबे समय से मेरी नजरें एक सच्चे राही को ढूँढते हुए कश्मीर की उस 15 साल की लड़की पर जा रूकी। वह शिखर से नीचे एक छोर पर खड़ी थी। उसकी नजरें कभी शिखर की ओर देखती तो क्षण भर के लिए दूर खड़े अपने परिवार की ओर। उसे ऐसा करते देख तो ऐसा मालूम हो सका कि शायद उस के फैसले में विवेक की कमी थी। आसपास के लोगों ने बताया कि उस बच्ची में काबिलियत, की कोई कमी नहीं थी और परिवार की तरफ से कोई बंदिशें भी नहीं थी। उसकी परेशानी समाज में फैले आतंकियों की धमकी थी। वसीम 'मुस्लिम धर्म' से संबंध रखती थी, यही कारण था कि आतंकी उसे आगे नहीं बढ़ने देना चाहते थे। एक गहरी सोच में गुम वह बच्ची इस मुश्किल से निकलने के प्रयास पर विचार कर रही थी, कोई समाधान न मिलने पर, आँखों से निकलते उन आँसूओं के कारण को कुछ इन शब्दों में जाहिर करने लगी-

''डर लगता है सपनों से, कर दे ना ये तबाह

मै कौन हूँ.......

मैं आग हूँ या राख हूँ,

मैं दाग हूँ या चाँद हूँ,

मैं कौन हूँ

मैं बूँद हूँ या हूँ लहर.......''

-सामाजिक यातनाएँ उसके मन में नकारात्मकता का रूप ले चुकी थी जिसके कारण वह अस्तित्व पर भी सवाल उठाने लगी.... उस के दर्द का उत्तर इन शब्दों में छिपा है-

"जो राख है तू
ले ज़मीं से उड़, हवा है तेरे संग
तू बह उस के संग, अपना तू काम दिखा
आँसू जो होगें, उनकी आँखों में
तेरे काम के होगे,
और अगर जो आग है तू, तो दिल भी उनके जलेंगे।
जो दाग है तू
तो वो दाग बन जो चाँद की खूबसूरती को बढ़ाता है
और चाँद है तू, तो वो चाँद बन
जो दाग बिना अधूरा कहलाता है।
जो बूँद है तू
तो वो बूँद बन जिससे सागर
सागर बन पाता है,
जो अगर लहर है तू
तो वह लहर बन,
जिसकी इज्जत दुनिया करती है।
जो भी है तू, खुद को कम ना समझ
तेरी अपनी ताकत है बहुत बड़ी,
निडर, तू आगे बढ़।"

एकता

कक्षा- बी.ए. (प्रथम वर्ष)

बचपन बचाओ आंदोलन

यूँ तो बहुत से लोग आते–जाते रास्ते में भीख माँगते बच्चों, बाल मजदूरों और दुकानों पर काम करते हुए बाल–मजदूरों से मिलते हैं, पर क्या कोई उनकी इस हालत पर विचार करता है? बहुतों का जवाब ना ही होगा। पर एक ऐसे व्यक्ति भी हैं जिनके मन में ये बात चुभी और 1980 में उन्होंने 'बचपन बचाओ आंदोलन' की शुरूआत की। वह व्यक्ति कोई और नहीं बल्कि नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी हैं, जोकि अब तक 80 हजार से अधिक मासूमों के जीवन को तबाह होने से बचा चुके हैं।

उनका मानना है कि बाल मजदूरी एक बीमारी नहीं है, बल्कि कई बीमारियों की जड़ है। इसके कारण कई जिंदगियाँ बर्बाद होती है। इसी कारण कैलाश सत्यार्थी ने इन बच्चों को इस अभिशाप से मुक्ति दिलाना ही अपनी जिंदगी का मकसद बना लिया।

इस आंदोलन का मकसद है बच्चों के लिए अनुकूल समाज बनाना जहाँ बच्चे शोषणमुक्त हों और अच्छी शिक्षा प्राप्त करें। यह आंदोलन आज भारत के 15 प्रदेशों के 200 से अधिक जिलों में सक्रिय है। इसमें लगभग 70,000 स्वयंसेवक हैं जो लगातार मासूमों के जीवन में खुशियों के रंग भरने के लिए कार्यरत हैं।

एक आंकलन के मुताबिक साल 2013 में मानव तस्करी के 1199 मुकदमें दर्ज हुए जिनमें से 10 प्रतिशत मामले "बचपन बचाओ आंदोलन" के प्रयासों से दर्ज किए गए थे। इस आंदोलन में कैलाश के दो साथी भी शहीद हो चुके हैं। कैलाश सत्यार्थी ने ना केवल बच्चों को मुक्त कराया बल्कि बाल मजदूरी को खत्म करने के लिए मजबूत कानून की जोरदार मांग की। 1998 में 103 देशों से गुजरने वाली 'बाल श्रम विरोधी विश्व यात्रा' का आयोजन और नेतृत्व भी कैलाश ने किया।

हाल ही में कौन बनेगा करोड़पति में कैलाश सत्यार्थी जी अपनी पत्नी सुमेधा कैलाश के साथ आए। उनके सुविचार और उच्च विचारों ने हर भारतीय को प्रेरित किया कि हम बाल मजदूरी, बाल शोषण और अन्य अपराधों से बच्चों को मुक्त कराने का युद्ध लड़े।

उन्होंने कहा कि "जब तक बच्चों का बचपन सुरक्षित नहीं है, तब तक भारत का भविष्य सुरक्षित नहीं है।"

मुक्ति गुप्ता
कक्षा– बी.ए. (प्रथम वर्ष)

'वक्त नहीं '

हर खुशी है लोगों के दामन में
पर एक हँसी के लिए वक्त नहीं।

दिन-रात दौड़ती दुनिया में
ज़िन्दगी के लिए वक्त नहीं।

माँ की लोरी का एहसास तो है
पर माँ को माँ कहने के लिए वक्त नहीं।

सारे रिश्तों को तो हम मार चुके
अब उन्हें दफनाने के लिए वक्त नहीं।

सारे नाम मोबाइल में हैं
पर दोस्तों के लिए वक्त नहीं।

गैरों की क्या बात करें
जब अपनों के लिए ही वक्त नहीं।

पैसों की दौड़ में हम ऐसा दौड़े
कि थकने के लिए भी वक्त नहीं।

आँखों में है नींद बड़ी
पर सोने के लिए वक्त नहीं।

दिल है गमों से भरा हुआ
पर रोने के लिए वक्त नहीं।

पराए एहसानों की क्या कद्र करें
जब अपने सपने के लिए ही वक्त नहीं।

रिया गुप्त
कक्षा- बी.ए. (प्रथम वर्ष)

दहलीज गाँव के घर की

लाँघ रही हूँ दहलीज
गाँव के घर की
बावजूद सबके विरोध के
लड़की हूँ न ?
आगे है कई लक्ष्मण रेखाएँ
तुम्हारे भरोसे हूँ ईश्वर !
तुम संग हो।
पता है मुझे
रुढ़ियाँ, ढकोसले पीछा न छोड़ेंगे
जानती हूँ यह भी
माँ–बाबा सुनेंगे ताने
बैठेंगे बिरादरी में
चोरों की तरह,
सुनेंगे राय सबकी दबे होंठ।
हाथ की ओट में,
होगी फुसफुसाहट, सुगबुगाहट
क्योंकि, उनकी बेटी
बजाय घर बसाने के
पढ़ने चली है शहर।
एक पहलू.....
आगे संग है डर !
अपरिचित चेहरे, अपरिचित रास्ते–गलियाँ
घूरती आँखे, आशंका, गरीबी
ढेरों सवाल ?
मिटानी है रात–दिन की रेखा
खरा उतरना है अजनबियों में,
अपनों के लिए।
काँपता मन मंजिल तो कहां,
रास्ता ढूँढने की उधेड़बुन
अकेले स्वयं से हारना,
कुंडी लगा दीवारों संग
लिपट, जी भर रो लेना, हल्का होना।
स्वयं ही जीतना
बाहरी हौसला,
किसी को तो तोड़नी होगी रीत
संयम रख
निष्ठुर समाज के लिए
बनी निष्ठुर।
इसलिए की लाँघ चुकी हूँ
दहलीज गाँव के घर की।

हिमानी परमा
कक्षा– बी.एससी. (द्वितीय वर्ष

सच्चाई

माँगों तो अपने रब से माँगो,
जो दे तो रहमत और न दे तो किस्मत,
लेकिन दुनिया से हरगिज मत माँगना,
क्योंकि दे तो एहसान और न दे तो शर्मिंदगी।

लक्ष्य के बिना जीवन, बिना पता, लिखे
लिफाफे की तरह है जो कहीं नहीं पहुँचता।

क्रोध और आँधी दोनो बराबर हैं, शाँत होने के
बाद ही पता चलता है कि कितना नुकसान हुआ है।

वाणी को वीणा बनायें, बाण नहीं।

आप अपनी समस्याओं का कारण और निवारण स्वयं हैं।

आप यदि समय के साथ चलोगे, तो बहुत आगे तक जा पाओगे।
यदि अपने समय को ही अनदेखा किया, तो फिर पिछड़ते और पछताते ही रह जाओगे।

निंदा और चुगली करने वाला व्यक्ति उस चमगादड़ के समान है जो जिस मुख से खाता है उसी से मल भी त्याग करता है।

इंसान मकान बदलता है, वस्त्र बदलता है, सम्बन्ध बदलता है, फिर भी दु:खी रहता है क्योंकि वह अपना स्वभाव नहीं बदलता।

पुरानी कटु बात को बार–बार सोचने का अर्थ है कि हमने भूतकाल की मुर्दा घटना को इस बात का रास्ता दे दिया कि वह हमारे आज और कल दोनों को खराब करें। हम सावधान हो जाएँ, मुर्दों को अपने जीवन में हस्तक्षेप न करने दें।

दर्पण की तरह जियो जिसमें स्वागत सबका हो लेकिन, संग्रह किसी का नहीं।

समय, सेहत और सम्बन्ध – इन तीनों पर कीमत का लेबल नहीं लगा होता है, लेकिन जब हम इन्हें खो देते हैं तब इनकी कीमत का अहसास होता है।

- दुआ कभी साथ नहीं छोड़ती और बद्दुआ कभी पीछा नहीं छोड़ती।

- शाँत जीभ कई समस्याओं से किनारा करा सकती है, परन्तु मुस्कुराते हुए होंठ तो परिस्थितियों को किनारे लगा देते हैं। सोचो! जहाँ से दर्द पैदा होता है (जीभ), उसी के पास उस दर्द की दवा (मुस्कान) भी होती है।

- बुरे के साथ बुरा बनने में अपनी अच्छाई का नाश क्यों करते हो? पानी के रास्ते में यदि चट्टान खड़ी हो तो वह दो हिस्सों में बँटकर चट्टान के दोनों तरफ से पार हो जाता है और आगे पुन: एक हो जाता है।

- "जो प्राप्त है" वो ही "पर्याप्त" है इन तीन शब्दों में सुख बेहिसाब है।

- किसी की भी जिंदगी कभी आसान नहीं होती, इसे आसान बनाना पड़ता है, कुछ नजरअंदाज करके और कुछ बर्दाश्त करके। कोहरे से एक अच्छी बात सीखने को मिली कि जब जीवन में रास्ता न दिखाई दे रहा हो तो, बहुत ज्यादा दूर देखने की कोशिश व्यर्थ है। एक-एक कदम चलते चलिये, रास्ता स्वयं खुलता जाएगा।

- विज्ञान कहता है – "जीभ पर लगी चोट सबसे जल्दी ठीक हो जाती है।" लेकिन ज्ञान कहता है कि– "जीभ से लगी चोट कभी भी ठीक नहीं होती।"

- जिस दिन तुम्हारे कारण तुम्हारे माँ–बाप की आँखों में आँसू आ गये, याद रखना उस दिन तुम्हारे द्वारा किया गया सारा धर्म–कर्म उनके आँसुओं में बह जाएगा।

- जब भी कोई झूठ बोलता है तो वह यह नहीं जानता कि वह अपने ऊपर कितना बड़ा दायित्व लेने जा रहा है, क्योंकि एक बार बोले गए झूठ को निभाने के लिए उसे बीस बार और झूठ बोलना पड़ सकता है।

- शरीर की हैसियत एक मुट्ठी भर राख से ज्यादा नहीं है। जिस दिन चिता पर चढ़ गया, समझ लो घंटे भर में सब कुछ स्वाहा हो जाएगा। अपने सुन्दर शरीर पर ज्यादा मत अकड़ना। याद रखना साथ कुछ नहीं जाता है, सिवाय पाप–पुण्य की गठरी के।

जिन्दगी आसान है

न लेना और देना तो आसान है।
करे जीवन में धारण वही देव समान है।

जो चलता ज्ञान–दिशा में, वही तो महान है।
रहती उसके लबों पर हमेशा ही मुस्कान है।

हीं समझता जो ज्ञान को, वही परेशान है।
जन्दगी तो परिस्थितियों से भरा तूफान है।

'तूफान को जो समझे तोहफा'
जीत जाता जहान है।

अन्दर है करुणा का गुण, तभी तू इंसान है।
नहीं तो विकारों से भरा, केवल तू हैवान है।

'जिंदगी' ईश्वर का दिया हुआ वरदान है।
प्यार से मुस्कुरा दिया कर,
जिंदगी असान है।

चाँदनी

सीता की अग्नि-परीक्षा

जब सीता का आता है ध्यान
कई सवाल करते परेशान
कोई देता क्यूँ नहीं,
इस तरफ भी ध्यान।
देश निकाला राम का था
वो फिर भी जाती साथ है
मखमल पर सोने वाली
सोती घास पर हर रात है।
उसका कसूर इतना ही था
वो लाँघ गई एक खींची लकीर
क्या पता था साधु के रूप में
कोई रावण आएगा।
भेष बदलकर,
सीता का अपहरण कर ले जाएगा।
एक अनोखी अनहोनी की मार से
वो जा बैठी अग्निद्वार पे
क्या उसके तन में खोट है,
या मन में कोई और है?
ये अग्नि परीक्षा जो हुई
वो इसी बात की सोच है।
वो रही पराए देश में
क्या राम था स्वदेश में?
ये लोक-लाज-इज्जत का झण्डा
सिर्फ औरत पर ही क्यों तने
इन नियमों की बेड़ियों में
मर्द भी क्यों न बंधे?

नूतन कुमारी

अंधों को दर्पण क्या देना

अंधों को दर्पण क्या देना, बहरों को भजन सुनाना क्या,
जो रक्तपात करते उनको, गंगा का नीर पिलाना क्या,
हमने जिनको दो आँखे दी, वो हमको आँख दिखा बैठे,
हम शांति-यज्ञ में लगे रहे, वो श्वेत कबूतर खा बैठे,
वो छल पर छल करता आया, हम अड़े रहे विश्वासों पर,
कितने समझौते थोप दिए, हमने बेटों की लाशों पर,
अब लाशें भी यह बोल उठी, मत अंतर्मन पर घात करो,
दुश्मन जो भाषा समझ सके, अब उस भाषा में बात करो,
वो झाड़ी है, हम बरगद हैं, वो हैं बबूल, हम चंदन हैं,
वो है जमात गीदड़ वाली, हम सिंहों का अभिनन्दन हैं,
ऐ पाक ! तुम्हारी धमकी से, यह धारा नहीं डरने वाली,
यह अमर सनातन माटी है, ये कभी नहीं मने वाली,
तुम भूल गए सन अड़तालिस, पैदा होते ही अकड़े थे,
हम उन कबायली बकरों की गर्दन हाथों से पकड़े थे,
तुम भूल गए सन पैंसठ को तुमने पंगा कर डाला था,
छोटे से लाल बहादुर ने तुमको नंगा कर डाला था,
तुम भूल गए सन इकहत्तर को, जब तुम ढाका पर ऐंठे थे,
नब्बे हजार पाकिस्तानी, घुटनों के बल पर बैठे थे,
तुम सारी दुर्गति भूल गए, फिर से बवाल कर बैठे हो,
है उत्तर खुद के पास नहीं हमसे सवाल कर बैठे हो,
बिगड़ैल किसी बच्चे जैसे आलाप तुम्हारे लगते हैं,
तुम भूल गए हो रिश्ते में, हम बाप तुम्हारे लगते हैं,
तेरी बर्बादी में खुद को बर्बाद नहीं होने देंगे,
हम भारत माँ के सीने में जेहाद नहीं होने देंगे,
तू रख हथियार उधारी के, हम अपने दम से लड़ लेंगे,
अगर ऐटम बम से लड़ना हो तो, ऐटम बम से लड़ लेंगे,
जबतक तू बटन दबायेगा, हम पृथ्वी, नाग चला देंगे,
तू जब तक दिल्ली ढूँढेगा, हम पूरा पाक जला देंगे।

शिवानी
कक्षा- बी.ए. (तृतीय वर्ष)

तीन रंग

यूँ तो यारों इस जहाँ में अनेकों रंग हैं,
पर इन तीन रंगों का कुछ और ही ढंग है।

एक रंग हरियाली का प्रतीक है,
दूसरा रंग शांति का द्वीप है।

तीसरा रंग कहता बलिदान की कहानी है,
इसमें छिपी हुई लोगों की कुर्बानी है।

ये तीनों रंग एक महान देश की निशानी है,
जिसकी महानता पूरे विश्व ने मानी है।

गी
कक्षा– बी.ए. (तृतीय व
हिन्दी ऑ

कदली सीप भुजंग–मुख, स्वाति एक गुन तीन ।
जैसी संगति बैठिए, तैसोई फल दीन।।

– रहीम

बच्चे के निर्माण की अभिव्यक्ति है पिता

पिता जीवन है सम्बल है शक्ति है
पिता सृष्टि के निर्माण की अभिव्यक्ति है।
पिता उंगली पकड़े बच्चे का सहारा है
पिता कभी कुछ खट्टा कभी खारा है।
पिता पालन है पोषण है, परिवार का अनुशासन है
पिता धौंस से चलने वाला प्रेम का प्रशासन है।
पिता रोटी है, कपड़ा है, मकान है
पिता छोटे से परिन्दे का बड़ा आसमान है।
पिता अप्रदर्शित अनन्त प्यार है
पिता है तो बच्चों का इन्तजार है।
पिता से ही बच्चों के ढेर सारे सपने हैं
पिता है तो बाजार के सब खिलौने अपने हैं।
पिता से परिवार में प्रतिपल राग है
पिता से ही मां की बिन्दी और सुहाग है।
पिता परमात्मा की जगत के प्रति आसक्ति है
पिता गृहस्थ आश्रम में उच्च स्थिति की भक्ति है।
पिता अपनी इच्छाओं का अनन्त और परिवार की पूर्ति है
पिता खत में दिये हुए संस्कार की मूर्ति है।
पिता एक जीवन को जीवन का दान है
पिता दुनिया दिखाने का एहसान है।
पिता सुरक्षा है अगर सिर पर हाथ है
पिता नहीं तो बचपन अनाथ है।
तो पिता से बड़ा तुम अपना नाम करो
पिता का अपमान नहीं उन पर अभिमान करो।
क्योंकि माँ-बाप की कमी तो कोई बांट नहीं सकता
और ईश्वर भी इनके आशीषों को काट नहीं सकता।
विश्व में किसी भी तीर्थ की यात्रायें व्यर्थ है
यदि बेटे के होते माँ-बाप असमर्थ है।
वह खुशनसीब है माँ-बाप जिनके साथ होते हैं
क्योंकि माँ-बाप के आशीषों के हजारों हाथ होते हैं।

अंकिता सैनी
कक्षा- बी.ए., द्वितीय वर्ष (हिंदी ऑनर्स)

नारी की आवाज़

❖ वह कहता था,
वह सुनती थी,
जारी था एक खेल
कहने-सुनने का।

❖ खेल में थी दो पर्चियाँ।
एक में लिखा था 'कहो'
एक में लिखा था 'सुनो'

❖ अब यह नियति थी
या महज संयोग!
उसके हाथ लगती रही वही पर्ची
जिस पर लिखा था 'सुनो'।

❖ वह सुनती रही।
उसने सुने आदेश।
उसने सुने उपदेश।
बन्दिशें उसके लिए थीं।
उसके लिए थी वर्जनाएँ।
वह जानती थी,
'कहना -सुनना'
नहीं है केवल क्रियाएँ।

❖ राजा ने कहा, 'जहर पियो'
वह 'मीरा' हो गई।

❖ ऋषि ने कहा, 'पत्थर बनो'
वह 'अहिल्या' हो गई।

❖ प्रभु ने कहा, 'निकल जाओ'
वह 'सीता' हो गई।

❖ चिता से निकली 'चीख',
किन्ही कानों ने नहीं सुनी।
वह 'सती' हो गई।

❖ घुटती रही उसकी फरियाद,
अटके रहे शब्द,
सिले रहे होंठ,
रुन्धा रहा गला।
उसके हाथ कभी नहीं लगी वह पर्ची,
जिस पर लिखा था, 'कहो'।

लक्ष्मी
कक्षा- बी.ए. (प्रथम वर्ष)

बेटी की आवाज़

कभी मन में यह विचार आता है कि,
कियों को लड़कों से कम क्यूँ समझा जाता है ?

ों को कुल का वंश समझा जाता है तो
कियों को बोझ क्यों समझा जाता है ?

ों का पढ़ना-लिखना सही समझा जाता है तो
कियों को पढ़ना-लिखना गलत क्यों समझा जाता है ?

कों के पैदा होने पर खुशी मनाई जाती है तो
कियों के पैदा होने पर शोक क्यों मनाया जाता है ?

कियों को घर से बाहर निकलने से रोका जाता है तो
कों को घर से बाहर निकलते समय
दा में रहना क्यों नहीं सिखाया जाता है ?

न हूँ- दुःखी हूँ- इस आजाद देश में इस छोटी सोच को बढ़ावा क्यों दिया जाता है ?

ब जरूरत है इस संकीर्ण सोच को बदलने की
ब हर किसी को जगना होगा और हर एक को जगाना होगा।
हुत खो लिया नारी ने अब उसको हक दिलाना होगा।
त्रियों को खुद इसकी शुरूआत करनी होगी।
त्रियों को खुद, स्वयं को आगे बढ़ाना होगा
उम्मीद है जल्द ही हालात बदलेंगे
उम्मीद है अब वक्त करवट लेगा
और नहीं रहेगी किसी स्त्री के चेहरे पर सिकन।

ईशा नागल
कक्षा- बी.ए. (प्रथम वर्ष)

कीमती

हर्षद के लिए धन,
तेंदुलकर के लिए रन,

शाहरूख के लिए एक्टिंग,
टाईसन के लिए बॉक्सिंग,

छात्रों के लिए शिक्षा,
याचकों के लिए भिक्षा,

कपिल के लिए खेल,
अपराधी के लिए जेल,

अमेरिका के लिए लड़ाई,
पर हम बच्चों के लिए,

सिर्फ पढ़ाई ही पढ़ाई।

लक्ष्मी
कक्षा– बी.ए. (प्रथम वर्ष)

रहिमन बिपदाहू भली, जो थोरे दिन होय।
हित–अनहित या जगत में, जानि परत सब कोय।।

– रहीम

भारतीय नारी

मैं एक नारी हूँ प्रेम चाहती हूँ और कुछ नहीं.....
मैं एक नारी हूँ, मैं सब संभाल लेती हूँ!!
हर मुश्किल में खुद को उबार लेती हूँ।

नहीं मिलता वक्त घर गृहस्थी में.....
फिर भी अपने लिए वक्त निकाल लेती हूँ!!

टूटी होती हूँ अन्दर से कई बार मैं.....
पर सबकी खुशी के लिए मुस्कुरा लेती हूँ!!

गलत ना होके भी ठहराई जाती हूँ गलत.....
घर की शांति के लिए मैं चुप्पी साध लेती हूँ!!

सच्चाई के लिए लड़ती हूँ सदा मैं.....
अपनों को जिताने के लिए हार मान लेती हूँ!!

व्यस्त हैं सब प्यार का इजहार नहीं करते.....
पर मैं फिर भी सबके दिल की बात जान लेती हूँ!!

कहीं नजर न लग जाये मेरी अपनी ही.....
इसलिए पति बच्चों की नजर उतार लेती हूँ!!

बहुत थक जाती हूँ कभी-कभी.....
पति के कंधों पर सर रख थकान उतार लेती हूँ!!

जीवनसाथी के संग-संग चल अपने सपने संवार लेती हूँ.....
अपनी ही खुशियों के लिए अपना सब कुछ वार देती हूँ!!

नहीं सहा जाता जब दर्द और खुशियाँ.....
तब अपनी भावनाओं को कागज पर उतार लेती हूँ!!

अंकिता
कक्षा- बी.एससी. (तृतीय वर्ष)

'भारतीय किसान'

खून पसीना बहाकर,
करता जो सबका कल्याण है
दिन-रात एक करके,
भोजन करता प्रदान है
हिम्मत मेहनत लगन से,
जो करता हर एक काम है
वही भारतीय किसान है।

हे भारत माता ! ये कैसा कलयुक है आया ?
भारत के किसानों पर कैसा है अँधेरा छाया ?
भारतीय किसान जो है हमारे अन्नदाता
उन्हें ही एक समृद्ध जीवन नहीं मिल पाता।

जो मेहनत करके भरता है देश का पेट
वही किसान गया है अब अर्थी पर लेट
हाड़-माँस के ये पुतले जो कर रहे हैं चमत्कार
सरकार व लोगों का इनके प्रति बढ़ रहा है अनाचार
क्यों हो रहा है इन पर अत्याचार।
भारतवासियों ! दोहराओ फिर वही इतिहास
लाल बहादुर शास्त्री की सोच का करो एहसास
बोलो ! जय जवान जय किसान
कृषक ही है सबसे महान।

विनती यादव
कक्षा- बी.एस.सी. (तृतीय वर्ष)

नारी की आत्मा

पहला दृश्य.....
एक कवि नदी के किनारे खड़ा था!
तभी वहाँ से एक लड़की का शव
नदी में तैरता दिया उसे दिखाई
कवि ने उस शव से पूछा.....

कौन हो तुम सुकुमारी ?
बह रही नदी के जल में।
कोई तो होगा तेरा अपना,
मानव निर्मित इस भू-तल में!

किस घर की तुम बेटी हो,
किस क्यारी की कली हो तुम ?
किसने तुमको छला है बोलो,
क्यों दुनिया छोड़ चली हो तुम ?

किसके नाम की मेंहदी बोलो,
हाथों पर रची है तेरे ?
बोलो किसके नाम की बिंदिया,
माँथे पर लगी है तेरे ?

उपमा रहित ये रूप तुम्हारा,
ये रूप कहाँ से लायी हो ?

दूसरा दृश्य.....
कवि की बातें सुनकर
लड़की की आत्मा बोली .....

कविराज मुझको क्षमा करो,
गरीब पिता की बेटी हूँ!
इसलिए मृत मीन की भांति,
जल धारा पर लेटी हूँ!

रूप-रंग और सुन्दरता ही,
मेरी पहचान बताते हैं!
कंगन, चूड़ी, बिंदी, मेंहदी,
सुहागन मुझे बनाते हैं!

पिता के सुख को सुख समझा,
पिता के दु:ख में दु:खी थी मैं!
जीवन के इस तन्हा पथ पर,
पति के संग चली थी मैं!

पति को मैंने दीपक समझा,
उसकी लौ में जली थी मैं!
माता-पिता का साथ छोड़,
उसके रंग में ढली थी मैं!

पर वो निकला सौदागर,
लगा दिया मेरा भी मोल!
दौलत और दहेज की खातिर,
पिला दिया जल में विष घोल!

दुनिया रूपी इस उपवन में,
छोटी से एक कली थी मैं!
जिस को माली समझा,
उसी के द्वारा छली थी मैं!

ईश्वर से अब न्याय मांगने,
शव शैय्या पर पड़ी हूँ मैं!
दहेज के लोभी इस संसार में,
दहेज की भेंट चढ़ी हूँ मैं!
दहेज की भेंट चढ़ी हूँ मैं!!

खुशबू
कक्षा- बी.ए. (प्रथम वर्ष)

मेरे हिस्से में माँ आई

सिर फिरे लोग हमें दुश्मने-जाँ कहते हैं,
हम जो इस मुल्क की मिट्टी को भी माँ कहते हैं।

मुझे बस इसलिए अच्छी बहार लगती हैं,
कि ये भी माँ की तरह खुशनुम्हार लगती हैं।

लबों पे उस के कभी बद्दुआ नहीं होती,
बस एक माँ है जो मुझसे खफा नहीं होती।

अभी जिन्दा है मेरी माँ, मुझे कुछ नहीं होगा,
मैं जब घर से निकलती हूँ, उसकी दुआ साथ चलती हैं।

जब भी कश्ती मेरे सैलाब में आ जाती है,
माँ दुआ करती हुई मेरे ख्वाब में आ जाती है।

इस तरह मेरे गुनाहों को वो धो देती है,
माँ बहुत गुस्से में होती हैं तो रो देती है।

किसी को घर मिला हिस्से में और किसी को दुकान आई,
मैं घर में सबसे छोटा था मेरे हिस्से में माँ आई

मेरी ख्वाहिश है मैं फिर से फरिश्ता हो जाऊँ,
माँ से इस तरह लिपट जाऊँ कि बच्चा हो जाऊँ।

फिक्र में बच्चों की कुछ इस कदर घुल जाती है माँ,
नौजवां होते हुए बूढ़ी नजर आती है माँ।

रूह के इस रिश्ते की गहराई तो देखिए,
चोट लगती है हमें और सिसकती है माँ।

कब जरूरत मेरे बच्चों को हो मेरी ? इतना सोचकर,
सो जाती है उसकी आँखें और जागती रहती है माँ।

र कष्ट से बच्चों को बचाने के लिए,
ल बनती है कभी, तलवार बन जाती है माँ।

न्दगी के सफर में गर्दिशों की धूप में,
ब कोई साया नहीं मिलता तो याद आती है माँ।

र हो जाती है घर जाने में अक्सर हमें,
न पर हो मछली ऐसे घबराती है माँ।

क्रिया कभी हो ही नहीं सकता उसका अदा,
ते-मरते भी दुआ जीने की दे जाती है माँ।

उड़ सकती हूँ मैं

लों से खुशबू चुरा सकती हूँ मैं,
ही कुछ लिखते-लिखते इतिहास भी रच सकती हूँ मैं।

ह लूँ तो उस आसमां को भी छू सकती हूँ मैं,
ब लेना कभी आसमां पर बिना पंखों के,
दलों के संग भी उड़ सकती हूँ मैं।

त बन जाऊँ किसी की— उसे हर मुश्किल से जीतना सिखा सकती हूँ मैं।
म्मा तो वो रखती हूँ कि पार पर्वत भी कर सकती हूँ मैं।

भी देखना सागर की गहराइयों में लहरों के साथ गहराइयों को भी छू सकती हूँ मैं।
द पर आ जाऊँ तो पत्थर भी बन सकती हूँ मैं,
त सको तो प्यार से जीत लो प्यार में सब कुछ हार सकती हूँ मैं।

ही कुछ लिखते-लिखते इतिहास भी रच सकती हूँ मैं।

मानसी मिश्र
कक्षा- बी.ए. (प्रथम वर्ष)

आज का मानव

आज का मानव
लगभग दानव
हिंसक, क्रूर, लोभी
असत्यवादी और ढोंगी
छल ही जिसका धर्म
क्या जाने वह जीवन–मर्म
नाते–रिश्ते जिसके लिए बोझ
स्वार्थ में लिप्त है वह रोज
आए दिन अखबार की सुर्खियों में हम पाते
किस तरह संपत्ति हेतु कुचले जाते हैं नाते
नहीं सुन पाते जो सगे भाई की चीख
क्या देंगे वो आने वाली पीढ़ी को सीख
परिवार का टूटन, समाज का बिखराव
मूल्यों का विघटन और जीवन सत्यों का घाव
मानव–मानसिकता है आज घायल
जिसका था कभी समस्त ब्रह्माण्ड कायल
प्राणियों में श्रेष्ठ होकर भी जो आज नीचे
चला जा रहा है मानव लोचन मीचे
परिणाम की न सुध, अन्त की न परवाह
जिसके मन में केवल आगे बढ़ने की चाह
परमपिता परमात्मा से मेरी विनती है यही
मानव को दिखाए राह है जो सही।

डॉ० पुष्पा अंतिल
एसोसिएट प्रोफेसर
हिंदी–विभाग

लिखूँ किस पर

...खने को उठाती हूँ जब कलम
...रुक-सा जाता है
...दर मन में कुछ टूट-सा जाता है
...त कठिन है
...य का चयन
...ई मृगनयनी या
...ई भीगे नयन
...खूँ इतिहास पर या आज पर
...सी साज पर या
...ी हुई आवाज पर
...है बहुत भारी
...ो है लाचारी
...-कहीं मृत्यु पर है जीवन भारी
...े चेहरे के पीछे रूदन
...पाँव पर टूटा मन
...ु आगे बढ़के ही जीवन
...में आया ये विचार
...ा अपने से साक्षात्कार
...ने को कलम है उठाई
...चुप, पर है भावों की गहराई
...लिए लिखने को उठाती हूँ जब भी कलम
...रुक-सा जाता है
...मन में कुछ टूट सा जाता है।

डॉ० पुष्पा अंतिल
एसोसिएट प्रोफेसर
हिंदी-विभाग

हाइकु

1. जाम ही जाम
यही है गुरुग्राम
नहीं आराम

2. दीपक जले
बहन का थाल सजे
त्योहार मने

3. हैं गूढ़ बातें
सोचकर कहना
अपनी बातें

4. मन–पखेरू
तन एक पिंजरा
कब उड़ेगा

5. साथी न संगी
मनुष्य लेता सेल्फी
पड़ा अकेला

6. सहेजें जल
जल ही तो जीवन
देता जीवन

7. बेराजगारी
बढ़ाती है बीमारी
सब पे भारी

8. बैंक में खाता
बरसात मे छाता
सबको भाता

9. पास हों मित्र
कष्ट रफूचक्कर
अटल मित्र

10. देर से सोना
देर से ही उठना
रोग बुलाना

डॉ० अशोक कुमार
सहायक प्रोफेसर
हिंदी-विभाग

जीवन : एक संघर्ष

खुद पर है भरोसा सबसे ज्यादा
मुश्किल से मुश्किल को करना है आसान।
जब संघर्ष करते रहेंगे तो जीत हमारी होगी,
लड़ते रहो खुद से बाधा खुद ही दूर होगी।

यही तो संघर्ष है इसे ही तो पाना है
जीवन ही जीना नहीं, संघर्ष भी जीना है
संघर्ष ही तो कामयाबी है।

यदि एक बार हार गए तो क्या...
दोबारा जीत हमारी है
संघर्ष ही तो जीवन का सत्य है,
संघर्ष से ही तो जीत प्रत्यक्ष है।

ब कुछ संभव हो सकता है,
गर हम में हो संघर्ष की भावना।
द्भुत है यह संघर्ष।

मंजु रानी
कक्षा- एम.कॉम (प्रथम वर्ष)

महँगाई

उफ्फ ! ये महँगाई
किसने ये बढ़ाई
प्याज की कीमत देखकर
सबकी शामत आई
पहले चलते थे पैसे, अब रूपये चलते हैं
चीजें मिलती थीं सस्ती अब महँगी मिलती है
एक रूपये की दाल, अब सौ रूपये की हो गई
ना जाने अब खाने की शुद्धता कहाँ खो गई

कोई तो आए, महँगाई को घटाए
हाय (अब) इस महँगाई से हमारी जान छुड़ाए

आज की चीजों के दाम देखकर, अब हम चक्कर खाए
अगर कोई बच जाए तो उसकी जेब कट जाए

विदेशों की चीजें जो
मिलती देश को महँगी
इससे बेहतर तो ये है
कि खुद देश करे तरक्की।

मैं भी मोदी जी के साथ
'मेक इन इंडिया' से जुड़ जाऊँगी
ऐसी चीजें जो खूब चले
अपने देश में बनाऊँगी।

शालू यादव
कक्षा- बी.कॉम (तृतीय वर्ष)

बेटियाँ

कोई चेहरा है कोमल कली का,
रूप कोई सलोनी परी का।
इनसे सीखा सबक जिंदगी का,
बेटियाँ तो हैं लम्हा खुशी का।

ये अगर हैं तो रोशन जहाँ है,
ये जमीनें हैं और आसमां हैं।
है वजूद इनसे ही आदमी का,
बेटियाँ तो हैं लम्हा खुशी का।

हमने रब को तो देखा नहीं पर,
नूर ये हैं खुदा का जमीं पर।
एक एहसास है रोशनी का,
बेटियाँ तो हैं लम्हा खुशी का।

इनसे इनकी अदाएँ न छीनों,
इनसे इनकी सदाएँ न छीनों।
हक इन्हें भी तो है जिंदगी का,
बेटियाँ तो हैं लम्हा खुशी का।
बेटियाँ तो हैं लम्हा खुशी का।

"बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ"

शिवानी
कक्षा– बी.ए. (प्रथम वर्ष)

आदर्श विद्यार्थी

आदर्श विद्यार्थी का अर्थ ऐसे विद्यार्थी से है जिसका व्यवहार, आचरण एवं दूसरे विद्यार्थियों के लिए उदाहरण बने। विद्यार्थी ही देश का भविष्य होते हैं। यदि आदर्शवादी होंगे तो देश का भविष्य भी उज्जवल होगा। एक राष्ट्र की ऊँचाइयों का आधार विद्यार्थी ही होते हैं, इसलिए विद्यार्थी का ईमानदार, सत्यवादी, आशावादी एवं कर्तव्यनिष्ठ जरूरी है। विद्यार्थी वह नहीं है जो पढ़ाई में अच्छा हो या अच्छे अंक लाता हो, बल्कि साथ-साथ उसमें सभी गुण होने चाहिए। वही विद्यार्थी आदर्श कहलाने का अधिकारी है जो में तो अच्छा है ही, इसके साथ-साथ वह अच्छा इंसान भी है। उसकी पढ़ाई के साथ-साथ क्षेत्रों में भी रूचि होनी चाहिए। उसकी खेल-कूद में तथा प्रतियोगिताओं में भाग लेने की होनी चाहिए। एक आदर्श विद्यार्थी को देश विदेश के बारे में ज्ञान होना चाहिए, उसे सभी सम्मान करना चाहिए। एक अच्छा नागरिक वही है जो बड़ों का सम्मान करें तथा छोटों रखे। कुछ विद्यार्थियों का मानना है कि परीक्षा में अच्छे अंको का होना जरूरी है जबकि मेरा है कि अंकों से ज्यादा ज्ञान का होना जरूरी है। इसलिए हमें अंकों की जगह ज्ञान तथा कौशल अधिक महत्व देना चाहिए। एक आदर्श विद्यार्थी ही देश के लिए एक अच्छा नागरिक बन सकता है। हमें भी एक अच्छा नागरिक बनना चाहिए तथा अपने देश के लिए कुछ करना चाहिए और वात ध्यान में रखकर आगे बढ़ते रहना चाहिए कि –

मंजिल उन्हीं को मिलती है
जिनके सपनों में जान होती है
पंख से कुछ नहीं होता,
हौंसलों से उड़ान होती है।

हेमलता
कक्षा- बी.कॉम (तृतीय वर्ष)

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

उगाए जाते हैं बेटे,
उग जाती हैं बेटियाँ,

सीचें जाते है बेटे,
पल जाती हैं बेटियाँ

निकम्मे होते हैं बेटे,
समझदार होती हैं बेटियाँ,

खर्च करते हैं बेटे,
कमाती हैं बेटियाँ

गिराते हैं बेटे,
उठाती हैं बेटियाँ,

दर्द देते हैं बेटे,
मलहम लगाती हैं बेटियाँ,

सर झुकाते हैं बेटे,
सर उठाती हैं बेटियाँ

सच कहूँ अच्छी होती हैं बेटियाँ,
अच्छी होती हैं बेटियाँ, अच्छी होती हैं बेटियाँ,

"बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ"

पायल तंवर
कक्षा- बी.कॉम (द्वितीय वर्ष)

ग्लोबल वार्मिंग

ग्लोबल वार्मिंग का सरल शब्दों में अर्थ है जलवायु का गरमाना। लेकिन अब ग्लोबल वार्मिंग केवल जलवायु के तापमान में वृद्धि तक सीमित नहीं है वरन् उसे जलवायु परिवर्तन के व्यापक रूप में समझा जाता है। इसे एक अवश्यंभावी प्रलय के रूप में लिया जाता है जिसने अपने लक्षण प्रकट करने आरंभ कर दिये हैं। कहीं असाधारण बारिश और बाढ़ तो कहीं भयंकर सूखा, कहीं भीषण गर्मी तो कहीं असहनीय ठंड, कहीं नदियों का सूखते जाना तो कहीं ग्लेशियरों का पिघलना ये सभी आरंभिक प्रभाव हैं जो निकट भविष्य में खाद्यों व पेयजल की अत्यंत कमी, अकाल, फैलती महामारियों आदि के रूप में विकसित हो सकते हैं।

ग्लोबल वार्मिंग कारण :-

1. कार्बन डाईऑक्साइड प्रमुख ग्रीन हाऊस गैस है जिसका 1970 से 2004 के बीच विश्वव्यापी उत्सर्जन 80 प्रतिशत बढ़ा है। इस वृद्धि का मुख्य कारण जीवाश्म ईंधन के उपयोग में वृद्धि है।
2. वायुमंडल में मीथेन गैस की सांद्रता में वृद्धि होने के बाद 1990 से इसका उत्सर्जन बढ़ गया है।
3. नाइट्रस ऑक्साइड की सांद्रता में वृद्धि का प्रमुख कारण कृषि विस्तार है।

ग्लोबल वार्मिंग से निपटने हेतु व्यक्तिगत प्रयास :-

1. अनावश्यक वस्तुओं को खरीदने से बचें।
2. विद्युत ऊर्जा के उपकरणों का अधिक से अधिक उपयोग करें।
3. वस्तुओं का पुनः उपयोग करके भी ग्लोबल वार्मिंग को कम किया जा सकता है।

यदि सारा विश्व आगामी दस वर्षों में नवीन व नविकरणीय ऊर्जा स्रोत अपना ले, प्रकृतिक संसाधनों के अतृप्त उपभोग पर अंकुश लगाकर अंधाधुंध दोहन बन्द कर दें और वन-रोपण को जनांदोलन बना लें तो ग्लोबल वार्मिंग का निराकरण आसान हो जाएगा। इस लक्ष्य को पाने के लिए सभी को यह सुनिश्चित करना होगा और संकल्प लेना होगा कि कोई भी आर्थिक विकास स्वच्छ, स्वस्थ और हरित पर्यावरण की कीमत पर नहीं होना चाहिए जिसे हम चिरस्थायी विकास के नाम से जानते हैं।

गार्गी
कक्षा- बी.कॉम (प्रथम वर्ष)

आरक्षण

...की मार में रूक गई हूँ मैं भी कही
...ी हूँ मैं क्यूँ न होती आरक्षण की जात में।
...कम हमें है करना, फिर क्यूँ है आरक्षण के लिए लड़ना।
...के मन्दिर में सभी एक समान है, पर दाखिले की दौड़ में आरक्षण का गुण गान है।
...के साथ बदलना प्रकृति का नियम है, बदल जाएगा ये वक्त भी यही मेरा वचन है।

कोमल उपाध्याय
कक्षा- बी.कॉम (तृतीय वर्ष)

वे रहीम नर धन्य हैं, पर उपकारी अंग।
बांटन वारे को लगे, ज्यों मेहंदी को रंग।।

– रहीम

रहिमन तब लगि ठहरिए, दान-मान सनमान।
घटत मान देखिए जबहिं, तुरतहि ही करिय पयान।।

– रहीम

समर्पण

(1) श्री सरस्वती शतदल अधिपति
तेरा स्वर-संगम
द्रुततम कोमल सम्मोहन
प्रज्ञा दायिनी कला निष्णात्री
श्री-वैभव तुम सम्पन्न !
तुमसे मानव की सुगति
श्री सरस्वती शतदल अधिपति !!

(2) तव संगीत मम प्राण-पुलक राग
विद्या-पुष्प-सप्तवर्णी हार
हो दीप्त — स्वर्णिम आभा बार-बार,
सुरम्य वीणावादिनी, सप्त स्वर अनुरागिनी
त्रिभुवन तिमिर विनाशिनी
स्वप्निल सौन्दर्य की परिणति !
श्री सरस्वती शतदल अधिपति !!

(3) अखिल जगत की शक्ति मौलिक
ज्ञान-ज्योति तुम अलौकिक
चिरातीत शक्ति-पुंज
तुम रजनी-सी विश्रान्ति
तव तिग्म तप की
हुई कब समाप्ति ?
श्री सरस्वती शतदल अधिपति !!

डॉ० अमितेश बोकन
सहायक प्रोफेसर, हिंदी-विभाग

महाविद्यालय का विश्वविद्यालय-स्तर पर परीक्षा परिणाम
(सत्र 2016-2017)

क्र.संख्या	नाम	कक्षा	स्थान
		छठा सामिसत्र	
	अनिता यादव	बी.एससी.	पहला
	अंजलि	,,	दूसरा
	अंजलि	,,	तीसरा
	अंजु	,,	चौथा
	अंजु बाला	,,	पाँचवा
	अंजु वाणी	,,	छठा
	अंकिता	,,	सातवाँ
	अनु	,,	आठवाँ
	अनु	,,	नौवाँ
	अनु कुमारी	,,	दसवाँ
	अनु यादव	,,	ग्यारहवाँ
	आकृति भट्ट	बायोटेक्नोलॉजी	पहला
	अनामिका यादव	,,	दूसरा
	अनिता	,,	तीसरी
	अंजलि तंवर	,,	चौथा
	अविका कालरा	,,	पाँचवा
	भावना गोंदवाल	,,	छठा
	छाया	,,	सातवाँ
	दीपिका यादव	,,	आठवाँ
	दिव्या शर्मा	बी.एससी.बायोटैक्नोलॉजी	नौवाँ
	गीता	,,	दसवाँ
	आशा	बी.एससी.गणित आनर्स	पहला
	आशा शर्मा	,,	दूसरा
	चेतना शर्मा	,,	तीसरा
	गीता	,,	चौथा
	हेमा शर्मा	,,	पाँचवा

क्रमांक संख्या	नाम	कक्षा
		छठा सामिसत्र
27.	हिमांशी	बी.एससी.गणित आनर्स
28.	इंदू	,,
29.	ज्योति	,,
30.	काजल	,,
31.	कीर्ति	,,
32.	अनिता यादव	बी.एससी.वनस्पति विज्ञान
33.	अनिता	,,
34.	अनिता	,,
35.	भाविका	,,
36.	भावना यादव	,,
37.	एकता भारद्वाज	,,
38.	गरिमा	,,
39.	ज्योति	,,
40.	ज्योति यादव	,,
41.	खूशबू कुमारी	,,
42.	कृतिका सेठ	,,
43.	अनुष्का तिवारी	बी.एससी.प्राणी शास्त्र
44.	ज्योति	,,
45.	मंजू	,,
46.	नेहा शर्मा	,,
47.	निधि	,,
48.	निशा रानी	,,
49.	पूजा कटारिया	,,
50.	पूजा	,,
51.	पूजा चौधरी	,,
52.	शीतल	,,
53.	सोनाली	,,
54.	वर्षा	,,

क्रमांक संख्या	नाम	कक्षा	स्थान
55.	नेहा धारीवाल	छठा सामिसत्र गृह विज्ञान	पहला
56.	ऋतु कुमारी	,,	दूसरा
57.	शैफाली	,,	तीसरा
58.	दिव्या रानी	अंग्रेजी दूसरा सामिसत्र	नौवाँ
59.	सुरेखा नरवाल	,,	नौवाँ
60.	स्वाति शर्मा	,,	बारहवाँ
61.	निखिल डे	संगीत (गायन/वादन)	पहला
62.	विधू श्री पांडे	,,	तीसरा
63.	कविता	,,	चौथा
64.	रश्मि	,,	पाँचवा
65.	पलकी गर्ग	,,	छठा
66.	सुषमा	,,	सातवाँ
67.	सुनील कुमार	,,	आठवाँ
68.	चंचल	,,	नौवाँ
69.	ज्योति	,,	ग्यारहवाँ
70.	विशाल	,,	बारहवाँ
71.	सतीश कुमार	,,	तेरहवाँ
72.	प्रेमदीप	,,	चौदहवाँ
73.	रेखा	,,	पन्द्रहवाँ
74.	इन्दू बाला	भूगोल	दूसरा
75.	मनीषा	,,	दसवाँ
76.	पूजा मेहरा	,,	बारहवाँ
77.	बबीता	बी.ए.पास. कोर्स	आठवाँ
78.	काजल	राजनीति विज्ञान	तीसरा
79.	निशा वेदी	,,	तीसरा
80.	नेहा	,,	पाँचवा
81.	सरिता	,,	सातवाँ

क्रमांक संख्या	नाम	कक्षा	स्थान
		दूसरा सामिसत्र	
82.	पूजा	राजनीति विज्ञान	आठवाँ
83.	उषा	,,	नौवाँ
84.	पूजा राना	,,	दसवाँ
85.	सोनी	,,	ग्यारहवाँ
86.	निधि	,,	तेरहवाँ
87.	कंचन रानी	,,	चौदहवाँ
88.	सुमन	,,	पन्द्रहवाँ
89.	कोमल	इतिहास ऑनर्स	दूसरा
90	सुमनलता	,,	तीसरा
91.	शिवली यादव	,,	चौथा
92.	अनुप्रिया	,,	पाँचवाँ
93.	पूजा	,,	सातवाँ
94.	मोहिनी	,,	आठवाँ
95.	पूजा	,,	नौवाँ
96.	तान्या शर्मा	अंग्रेजी ऑनर्स	बारहवाँ
97.	सुरभि सीकरी	,,	तेरहवाँ
98.	टीनू	अर्थशास्त्र	चौथा
99.	अंजलि भास्कर	,,	छठा
100.	काजल बाधवा	,,	सातवाँ
101.	अनुप्रिया	,,	आठवाँ
102.	साक्षी शर्मा	,,	नौवाँ
103.	सिमरन जैन	,,	बारहवाँ
104.	प्रिया यादव	,,	तेरहवाँ
105.	कीर्ति दहिया	,,	चौदहवाँ
106.	इतिशा जोशी	,,	पन्द्रहवाँ

क्र.संख्या	नाम	कक्षा	स्थान
		दूसरा सामिसत्र	
	बरखा	बी. कॉम	बारहवाँ
	इन्दू	एम.सी.ए.	पहला
	मोनिका राना	,,	चौथा
	इशा अरोड़ा	,,	पाँचवा
	शिखा गुप्ता	,,	छठा
	राशि बाखरी	,,	बारहवाँ
	तान्या श्रीवास्तव	बी.सी.ए.	बारहवाँ
	आयेश्ना	,,	बारहवाँ

स्वर्ण पदक प्राप्त विद्यार्थियों की सूची (सत्र: 2016-2017)

नाम	कक्षा	अधिकतम अंक	प्राप्तांक
पवन कुमारी	बी.ए. हिन्दी ऑनर्स	1600	1170
सिमरजीत कौर	एम. ए. (संगीत) गायन	1400	1203
कृतिका सेठ	बी. एससी. (वनस्पति शास्त्र) ऑनर्स	2200	1794
निशा यादव	बी. एससी. (प्राणी शास्त्र) ऑनर्स	2200	1853
चिंकी	बी.ए. (अर्थशास्त्र) ऑनर्स	3000	2311

'शोक - संदेश' (सत्र - 2017-2018)

श्रीमती मोना चाहर	ससुर- चौधरी मनफूल सिंह चाहर	3.11.17
श्रीमती गुलशन अरोड़ा	ससुर- श्री महेन्द्र लाल कालरा	9.2.18
श्रीमती जीत कुमारी (जे.एल.ए.)	पिताजी- श्री नानक चन्द	20.2.18
श्री प्रद्युमन	ससुर- श्री एम.एस. यादव	19.2.18
श्रीमती किरण	ससुर- श्री योगेन्द्र पाल प्रभाकर	7.5.18
श्रीमती संजीला पूनिया	ससुर- श्री महाराम	13.5.18

महाविद्यालय-परिवार शोकाकुल व्यक्तियों एवं उनके परिवारों के प्रति अपनी गहरी समवेदना प्रकट करता है तथा प्रभु से प्रार्थना करता है कि वह शोक-संतप्त परिवार को साहस और ऊर्जा देने के साथ-साथ जीवन की पूर्व सुखद निरंतरता प्रदान करें।

ओछे को सतसंग, रहिमन तजहु अंगार ज्यों।
तातो जारे अंग, सीरो पै कारो लगै।।

– रहीम

पत्रिका सम्बन्धी विवरण

	:	डॉ० सुशीला कुमारी, प्राचार्या
	:	राजकीय कन्या महाविद्यालय, सेक्टर-14, गुरुग्राम-122001 (हरियाणा)
	:	सौरभ प्रिन्टिंग प्रैस, महिन्द्रा मार्केट, न्यू रेलवे रोड, गुरुग्राम-122001 (हरियाणा)
अवधि	:	वार्षिक
धिकार	:	**राजकीय कन्या महाविद्यालय, सेक्टर-14, गुरुग्राम**

प्रकाशित रचनाओं के विचारों से सम्पादक मण्डल का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

सभी पद अवैतनिक हैं।

पत्रिका से सम्बन्धित सभी विवाद केवल गुरुग्राम न्यायालय के अधीन होंगे।

विद्यार्थियों के लिए सामान्य सूचना

1. विद्यार्थी रचना की हस्तलिखित अथवा टंकित प्रति A4 आकार के पेपर पर पृष्ठ क्रमांक सहित भेजें। हस्तलेख पाठन–योग्य एवं साफ लिखाई में होना चाहिए।

2. विद्यार्थी रचना के साथ अपना नाम, अनुक्रमांक तथा दूरभाष नम्बर का भी उल्लेख करें।

3. रचना के साथ इस आशय का घोषणा–पत्र अवश्य संलग्न करें कि यह रचना उनकी मौलिक रचना है तथा इसे अन्यत्र प्रकाशन के लिए नहीं भेजा गया है।

4. अस्वीकृत रचनाओं को वापिस नहीं किया जाएगा। अतएव उसकी एक प्रति विद्यार्थी अपने पास अवश्य रखें।

5. रचनाकार अपना पासपोर्ट आकार का एक फोटो भी रचना के साथ अवश्य संलग्न करें।

।। क्षान्तिश्चेत्कवचेन किं किमरिभिः क्रोधोऽस्ति चेद्देहिनां
ज्ञातिश्चेदनलेन किं यदि सुहृदद्व्यौषधं किं फलम्।
किं सर्पैर्यदि दुर्जनाः किमु धनैर्विद्याऽनवद्या यदि
व्रीडा चेत्किमु भूषजैः सुकविता यद्यस्ति राज्येन किम्।।

अर्थात् यदि क्षमा है तो किसी कवच की क्या आवश्यकता है? यदि क्रोध है तो शत्रु की क्या आवश्यकता है? यदि मंत्र है तो औषधियों की क्या आवश्यकता है? यदि दुर्जन का साथ है तो सर्प की क्या आवश्यकता है? यदि विद्या है तो धन की क्या आवश्यकता है? यदि लज्जा है तो अन्य आभूषणों की क्या आवश्यकता है?

– भर्तृहरि

Right :- Dr. Vedwanti, (Associate Professor, Eng.), Dr. Sushila Kumari, (Principal) Sh. Narender Singh (Magistrate, Gurugram Court) sitting in the Divisional Level's Student Legal literacy Function held on April 11, 2018 in the College.

Sh. Narender Singh (Magistrate, Gurugram Court) giving Certificates to the Winners of Divisional Level Legal literacy Function along with Dr. Sushila Kumari (Principal)



A bird's eye view of Convocation Function of the college.

Winners of different competitions in Zonal Youth Festival along with Principle & Staff Members.

...कीय कन्या महाविद्यालय, सेक्टर-14, गुरुग्राम

...क्षेत्रीय युवा समारोह एवं अन्तर-क्षेत्रीय युवा समारोह में पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थियों की सूची (सत्र-2017-2018)

	कक्षा	अनुक्रमांक	प्रतियोगिता का नाम	पुरस्कार
...शर्मा	एम.ए. अंग्रेजी-II	1001310016	संस्कृत श्लोकोच्चारण	प्रथम
...	बी.एससी.-III	046	संस्कृत भाषण	प्रथम
...शर्मा	एम.ए. अंग्रेजी-II	1001310016	उर्दू कविता	प्रथम
...ठाकुर	बी.ए. -I	042	अंग्रेजी कविता	प्रथम
...याल	बी.ए. -III	038	हिन्दी वाद-विवाद	प्रथम
...रोहिल्ला	बी.एससी. -III	011	सामान्य समूह नृत्य	प्रथम
...नी यादव	बी.एससी. -II	025	सामान्य समूह नृत्य	प्रथम
...ता	बी.एससी. -I	249	सामान्य समूह नृत्य	प्रथम
...	बी.एससी. -I	183	सामान्य समूह नृत्य	प्रथम
...ति सहरावत	बी.कॉम. -III	097	सामान्य समूह नृत्य	प्रथम
...ल भारद्वाज	बी.ए. -I	056	सामान्य समूह नृत्य	प्रथम
...लि राघव	बी.एससी. -II	215	सामान्य समूह नृत्य	प्रथम
...पिका रानी	बी.कॉम. -I	313	सामान्य समूह नृत्य	प्रथम
...ठाकुर	बी.सीए. -I	108	सामान्य समूह नृत्य	प्रथम
...र्मा	बी.एससी. -II	099	सामान्य समूह नृत्य	प्रथम

नाम	कक्षा	अनुक्रमांक	प्रतियोगिता का नाम	पुरस्कार
दिव्या रानी	एम.ए. अंग्रेजी-II	001	संस्कृत नाटक	प्रथम
चेतना चौधरी	बी.एससी.-II	057	संस्कृत नाटक	प्रथम
दीक्षा	एम.सी.ए.-I	022	संस्कृत नाटक	प्रथम
शुभालक्ष्मी त्रिवेदी	बी.एससी.-I	022	संस्कृत नाटक	प्रथम
प्रिया कुमारी	बी.कॉम.-II	256	संस्कृत नाटक	प्रथम
तुष्टि	बी.कॉम.-I	291	संस्कृत नाटक	प्रथम
पूजा कश्यप	बी.एससी.-II	024	संस्कृत नाटक	प्रथम
चंचल ठाकुर	बी.एससी.-III	025	संस्कृत नाटक	प्रथम
विनती यादव	बी.एससी.-III	072	संस्कृत नाटक	प्रथम
निखिल डे	एम.ए.-III (Music)	008	शास्त्रीय एकल वादन	प्रथम
निखिल डे	एम.ए.-III (Music)	008	हरियाणवी वाद्यवृन्द	द्वितीय
तुलसी	बी.ए.-II	297	हरियाणवी वाद्यवृन्द	द्वितीय
तुलसी	बी.ए.-II	297	हरियाणवी वाद्यवृन्द	द्वितीय
शिप्रा मिश्रा	बी.ए.-III	256	हरियाणवी वाद्यवृन्द	द्वितीय
मोनेका	बी.ए.-II	563	हरियाणवी वाद्यवृन्द	द्वितीय
रानी	बी.ए.-III	203	हरियाणवी वाद्यवृन्द	द्वितीय
प्रियंका	बी.ए.-III	184	हरियाणवी वाद्यवृन्द	द्वितीय
दीप्ति सचदेवा	बी.ए.-I	566	हरियाणवी वाद्यवृन्द	द्वितीय

	कक्षा	अनुक्रमांक	प्रतियोगिता का नाम	पुरस्कार
	बी.एससी.-III	124	हरियाणवी स्किट	द्वितीय
	बी.एससी.-I	056	हरियाणवी स्किट	द्वितीय
	बी.एससी.-III	017	हरियाणवी स्किट	द्वितीय
...यादव	बी.एससी.-III	172	हरियाणवी स्किट	द्वितीय
	बी.कॉम.-III	024	हरियाणवी स्किट	द्वितीय
...अलारिया	एम.बी.ए.-III	034	हरियाणवी स्किट	द्वितीय
...दून	बी.एससी-III	046	अंग्रेजी वाद-विवाद (पक्ष)	द्वितीय
...ाली चौधरी	एम.ए.-II	058	अंग्रेजी वाद-विवाद (विपक्ष)	द्वितीय
...जल अली	बी.एससी-II (H.Sc.)	024	रंगोली	द्वितीय
	एम.सीए-I	022	सर्वोत्तम अभिनेत्री का पुरस्कार	

अन्तर-क्षेत्रीय युवा समारोह में विभिन्न पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थियों की सूची

नाम	कक्षा	अनुक्रमांक	प्रतियोगिता का नाम	पुरस्कार
निखिल डे	एम.ए.-II (Music)	008	शास्त्रीय एकल वादन	प्रथम
सृष्टि ठाकुर	बी.ए.-I	042	अंग्रजी कविता	प्रथम
वर्षा दलाल	बी.ए.-III	038	हिन्दी वाद-विवाद	प्रथम
ईशा जून	बी.एससी.-III	046	अंग्रेजी वाद-विवाद	प्रथम
दिव्या रानी	एम.ए.-II	001	संस्कृत नाटक	प्रथम
चेतना चौधरी	बी.एससी.-II	057	संस्कृत नाटक	प्रथम

Students participating in race competition in Annual Athletic Meet.

Students with their teacher incharge on Education Tour.



1
2
3

राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14, गुरूग्राम
GOVT. COLLEGE For GIRLS